**LOYOLA SCHOOL, BHUBANESWAR**

**Half Yearly Evaluation – September 2025**

| **Class –VI** | **Subject: 2nd Lang (Hindi)** | **F.M.= 80** | **Time: 2 Hrs.** |
|---|---|---|---|

**SECTION-A (40 MARKS)**

**1.** निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर हिंदी में लगभग **150** शब्दों में निबंध लिखिए। **[12]**

**(i)** पेड़ हमारे लिए कितने उपयोगी हैं? इस विषय पर निबंध लिखिए।

**(ii)** "एकता में ही शक्ति है ।" इस कथन के आधार पर निबंध लिखिए।

**2.** निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर हिंदी में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए। **[7]**

**(i)** आपके विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह आयोजित हुआ। इसका विवरण देते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**(ii)** अपने मामाजी को जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए।

**3.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

भारत के तमिलनाडु राज्य का एक गरीब एवं पिछड़ा जिला पुडुकोट्टई की महिलाओं ने अपनी स्वाधीनता , गतिशीलता एवं सक्षमता को अभिव्यक्त करने के लिए साइकिल चलाने को प्रतीक के रूप में देखा और इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में विकसित किया । इस जिले में साइकिल की धूम मची हुई है। इसकी प्रशंसकों में हैं - महिला खेतिहर मजदूर , पत्थर खदानों में मजदूरी करने वाली औरतें और गाँव में काम करने वाली नर्सें। बालवाड़ी और आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ती , बेशकीमती पत्थरों को तराशने में लगी औरतें और स्कूल की अध्यापिकाएँ भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं। ग्राम सेविकाएँ और दोपहर का भोजन पहुँचाने वाली औरतें भी पीछे नहीं हैं।सबसे बड़ी संख्या उन लोगों की है ,जो अभी नवसाक्षर हुई हैं। जिस किसी नवसाक्षर अथवा नई-नई साइकिल चलाने वाली महिला से मैंने बातचीत की, उसने साइकिल चलाने और अपनी व्यक्तिगत आज़ादी के बीच एक सीधा संबंध बताया।

**(i)** पुडुकोट्टई जिला भारत के किस राज्य में स्थित है? **[2]**

**(ii)** पुडुकोट्टई की ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल का चुनाव किसके प्रतीक रूप में किया? **[2]**

**(iii)** साइकिल के प्रशंसक कौन-कौन हैं? **[2]**

**(iv)** साइकिल का इस्तेमाल कौन कर रहा है? **[2]**

**(v)** नवसाक्षर महिला ने लेखक को क्या बताया? **[2]**

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

**(1)** 'आग 'शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए:- **[1]**

**(i)** आनल,पवन **(ii)** अग्नी, पावक

**(iii)** अनल, अग्नि **(iv)** जलन,पवन

**(2)** 'उन्नति' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए:- **[1]**

**(i)** अवनति, प्रगति **(ii)** उत्थान, पतन **(iii)** विकास,प्रगति **(iv)** विकास,देश

**(3)** 'उतार' शब्द का विलोम शब्द लिखिए:- **[1]**

**(i)** ढ़लाव **(ii)** चढ़ाव **(iii)** खडाव **(iv)** छुआछूत

**(4)** 'कटु'शब्द का विलोम शब्द लिखिए:- **[1]**

**(i)** कडवा **(ii)** मधुर **(iii)** काँटा **(iv)** मधूर

**(5)** 'भाषण देने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:- **[1]**

**(i)** वक्ता **(ii)** बक्ता **(iii)** श्रोता **(iv)** भाषि

**(6)** 'कृतग्यता' शब्द का शुद्ध वर्तनी लिखिए:- **[1]**

**(i)** क्रृतज्ञता **(ii)** कृतज्ञता **(iii)** कुत्रगता **(iv)** कृतग्यंता

**(7)** 'मीठा ' तथा ' वीर' शब्दों के भाववाचक संज्ञा लिखिए:- **[1]**

**(i)** मधुर, वीरों **(ii)** मिठाई, वार्ता **(iii)** मिठास,वीरता **(iv)** मिठास, खटास

**(8)** 'अंग-अंग ढ़ीला होना ' मुहावरे का अर्थ लिखिए:- **[1]**

**(i)** शरीर ढ़ीला होना **(ii)** थकान होना

**(iii)** बहुत थक जाना **(iv)** होश आना

**(9)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:- **[1]**

**(i)** भवदीय **(ii)** लोटा **(iii)** लुहार

**(10)** निम्नलिखित श्रुतिसम- भिन्नार्थक शब्दों में से किसी एक का अर्थ लिखिए:- **[1]**

**(i)** खोल- खौल **(ii)** बेल-बैल

**(11)** अतुल अपनी विनम्रता के कारण सब अध्यापिकाओं की -------------है।

**(**खाली स्थान में उचित मुहावरे का प्रयोग करें**)** **[1]**

## Section-B (40 marks)

**5.**नीचे दिए गए कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए:- **[2]**

तू है ----**1**---- मेरे,
सुन उपवन में -----**2**-----,
तात----**3**------ थे तेरे,
जहाँ-----**4**------।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए:- **[1x4=4]**

**(i)** उपवन में कौन भ्रमण कर रहा था?

**(ii)** नीलू की कथा किसकी कथा के बिना अपूर्ण है?

**(iii)** राजकुमारी चौबाला का क्या प्रण था?

**(iv)** चुने हुए कश्मीरी सेब के नाम पर दुकानदार ने कैसे सेब दिए?

**7.** निम्नलिखित अवतरणों में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

**(1)** "सेब तो रस और स्वाद में अगर आम से बढ़कर नहीं है, तो घटकर भी नहीं।"

(i) गाजर को मेज़ो पर स्थान क्यों मिलने लगा? **[2]**

(ii) हमें डॉक्टर के पास जाने से बचने के लिए क्या करना चाहिए? **[2]**

(iii) "आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है।"- तात्पर्य समझाइए। **[3]**

**(2)** " महाराज, यदि आप सच पूछते हैं, तो मैं बुद्धि को बड़ा समझती हूँ।"

(i) यह पंक्ति को किसने, किससे कहा है? **[2]**

(ii) रानी किसे तुच्छ और किसे श्रेष्ठ समझती थी? **[2]**

(iii) रानी की किस बात पर राजा को बहुत गुस्सा आ गया और फिर उसने क्या किया? **[3]**

**(3)** कोई निरपराध को मारे,
तो क्या अन्य उसे न उबारे?
रक्षक पर भक्षक को वारे,
न्याय दया का दानी।

(i) निरपराध किसे कहा गया है, और क्यों? **[2]**

(ii) रक्षक व भक्षक किसे कहा गया है? **[2]**

(iii) मारने वाले से बचाने वाला बड़ा क्यों होता है? **[3]**

**(4)** "हिंसक और क्रोधी भूटिये बाप और आखेटप्रिय अल्सेशियन माँ से जन्म पाकर भी उसमें हिंसा प्रवृत्ति का कोई चिह्न नहीं था।"

(i) उसमें शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? उसका जीवन कितने वर्षों का था? **[2]**

(ii) नीलू का कैसा स्वभाव सबके लिए आश्चर्य का विषय था? **[2]**

(iii) पशु-पक्षियों के साथ हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए? **[3]**

**8.** किन्हीं <u>तीन</u> शब्दों के अर्थ लिखिए:- **[3]**

(i) आखेटप्रिय (ii) दर्प (iii) दस्तूर (iv) प्रवृत्ति

**9.** किन्हीं <u>तीन</u> शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:- **[3]**

(i) बेइमानि (ii) सुरक्षीत (iii) औसधलय (iv) न्युमोनीया

******************** **ALL THE BEST** ********************